કર્મચારી રાજ્ય વીમા નિગમ
(શ્રમ અને રોજગાર મંત્રાલય, ભારત સરકાર)
कर्मचारी राज्य बीमा निगम
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION
(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)
क.रा.बी.नि.
E S I C

सत्यमेव जयते

પ્રાદેશિક કચેરી / क्षेत्रीय कार्यालय / Regional Office
પંચદીપ ભવન, આશ્રમ માર્ગ, અમદાવાદ – 380014, ગુજરાત
पंचदीप भवन, आश्रम मार्ग, अहमदाबाद – 380014, गुजरात
Panchdeep Bhavan, Ashram Road, Ahmedabad -14, Gujarat
Phone: 079-27582400/450, E-mail: rd-gujrat@esic.nic.in
Website: www.esic.nic.in / www.esic.in

प्रेस नोट

विषय - ईएसआईसी के स्थापना दिवस (24 फरवरी 2023) के उपलक्ष्य विशेष सेवा पखवाड़ा का समापन समारोह

ईएसआईसी, क्षेत्रीय कार्यालय, अहमदाबाद (श्रम एवं रोजगार मंत्रालय,भारत सरकार) में अपने स्थापना दिवस के 73 वर्ष पूरे होने के अवसर पर 05 से 19 फरवरी 2024 तक " विशेष सेवा पखवाड़े" का आयोजन किया गया। पीआरओ श्री एस.के.पाण्डेय ने बताया कि पखवाड़े के दौरान गुजरात क्षेत्र के सभी ईएसआईसी कार्यालयों द्वारा बीमित व्यक्तियों/लाभार्थियों/श्रमिकों को बेहतर सेवाएं देने हेतु अभियान चलाया गया । हर प्रकार के लंबित एवं वर्तमान हितलाभों के भुगतान के लिए सुविधा समागम का आयोजन कर कठिनाइयों का निवारण किया गया ।

विदित हो कि ,यह योजना 24 फरवरी, 1952 को दिल्ली और कानपुर में देश पहली बार लागू हुई थी और तत्कालीन प्रथम प्रधानमंत्री श्री नहेरुजी, इस योजना के प्रथम आईपी थे । इस योजना ने 24 फरवरी, 2024 को सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में समर्पित सेवा के 73 वर्ष पूरे कर लिए हैं ।

- **निम्न प्रकार कि गतिविधियाँ आयोजित की गई :**

*** सेमिनार/ जागरूकता/ स्वास्थ्य वार्ता/बुनियादी जीवन सहायता शिक्षा शिविर**

*** सुविधा समागम एवं स्वास्थ्य जांच शिविर**

*** योग एवं आयुष शिविर**

*** सभी चिकित्सा उपकरणों को क्रियाशील बनाने हेतु विशेष अभियान**

*** स्वास्थ्य प्रदर्शनी/स्वास्थ्य मेला**

इस परिप्रेक्ष्य में दि.19-02-24 को पखवाड़े का समापन समारोह महात्मा गाँधी श्रम संस्थान, मेमनगर, अहमदाबाद में आयोजित किया गया । मुख्य अतिथि के रूप सुश्री मनाली शाह, कोर्पोरेशन सदस्य एवं राष्ट्रिय सचिव **"सेवा"**, नियोजक, कर्मचारी प्रतिनिधि, क्षेत्रीय परिषद के सदस्य, भारत सरकार के विभिन्न श्रम/स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी/प्रतिनिधि उपस्थित थे। अध्यक्षता श्री हेमंत कुमार पाण्डेय, क्षेत्रीय निदेशक ने की।

इस अवसर पर कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया । श्री गौतम कुमार, उप. निदेशक द्वारा हितलाभों से संबंधित एवं श्री आर.के.सिंह उप. निदेशक द्वारा गुजरात क्षेत्र में ईएसआई के तंत्र के बारे में प्रस्तुतिकरण माध्यम से जानकारी दी। मुख्य अतिथि महोदया ने अपने संबोधन में ईएसआई के अस्तित्व व इतिहास पर प्रकाश डाला और सभी नियोजकों का आह्वान करते हुए कहा कि वे अपने नियुक्त कर्मचारी को प्रथम दिन से ही पंजीकृत कराएँ ताकि हितलाभ लेने में कोई कठिनाई न हो और सामाजिक सुरक्षा के रूप में उनका जीवन सुरक्षित हो सके। श्री आश्विन पटेल, अध्यक्ष, अहमदाबाद इंजीनियरिंग मेन्यू. एसो., श्री पूरन करीरा, अध्यक्ष, नरोडा, औधोगिक संघ, श्री राजेंद्र चुडस्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष, भारतीय मजदुर संघ, गुजरात प्रदेश, श्री मुकेश भाई पटेल, चेयरमेन, कठवाड़ा औधोगिक संघ, ओढव ने ईएसआईसी के हितलाभों की जानकारी मिलने के बाद कार्यक्रम की प्रशंसा की और अपने विचार रखे।

अध्यक्ष महोदय, क्षेत्रीय निदेशक (प्रभारी) ने इस अवसर पर सभी को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह कार्यालय अपने बीमित/हितलाभाथियों के लिए समर्पित है। सुविधा समागमों के माध्यम से हम बीमितों की कठिनाई दूर करने का पूरा प्रयास करते है। **इस अवसर पर अतिथियों द्वारा आश्रित हितलाभ/स्थायी अपंगता हितलाभ के संबंध में लाभार्थियों को पेंशन राशि संबधी स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए।** निगम के कर्मचारियों द्वारा ईएसआईसी द्वारा दिए जा रहे हितलाभों से जुड़े नाटक का मंचन भी श्री निखिल कुमार सहा.निदेशक एवं श्रीमती सुमन मंदानी,सहा. के निर्देशन में किया गया जिससे बीमितों को जागरूक होने का अवसर मिला। इसी के साथ, क्षेत्रीय निदेशक द्वारा सभी उपस्थित अतिथियों एवं उपस्थित जन समूह का धन्यवाद किया गया। मंच का संचालन जनसंपर्क अधिकारी श्री एस.के.पाण्डेय ने किया।

संत कुमार पाण्डेय

सहायक निदेशक (जनसंपर्क)

कर्मचारी राज्य बीमा निगम
हेमंत कुमार पाण्डेय